आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 27.06.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :—

- शुभांशु शुक्ला अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर कदम रखने वाले पहले भारतीय बने।
- मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने युवाओं में बढ़ते नशे की प्रवृत्ति पर गहरी चिंता जताई, पूरे राज्य में एक साथ नशे के खिलाफ अभियान चलाने के निर्देश दिए।
- केंद्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव की अध्यक्षता में देहरादून प्रोजेक्ट एलीफेंट की 21वीं संचालन समिति की बैठक में हाथी संरक्षण से जुड़े उपायों पर चर्चा हुई।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों और तीर्थयात्रियों से पर्वतीय मार्गों पर यात्रा के दौरान विशेष सतर्कता बरतने की अपील की।

ऐतिहासिक क्षण

भारत की अंतरिक्ष यात्रा में कल एक ऐतिहासिक क्षण जुड गया, जब भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने अन्तर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंचने वाले पहले भारतीय बनने का गौरव प्राप्त किया। एक्सिअम—4 मिशन के अन्तर्गत स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्षयान को दोपहर बाद 4 बजे अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से डॉक यानि जोडा गया। इस मिशन के चालक दल में ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला सहित अमरीका, पोलैंड और हंगरी के सदस्य शामिल हैं। 41 साल बाद अंतरिक्ष में भारत का कोई अंतरिक्ष यात्री पहुंचा है। लखनऊ में जन्मे शुक्ला 1984 में राकेश शर्मा की उड़ान के बाद अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय हैं। इस ऐतिहासिक मिशन में अंतरिक्ष यात्री पृथ्वी की निचली कक्षा में 14 दिनों तक वैज्ञानिक शोध करेंगे। एक्सिअम—4 मिशन न केवल एक वैज्ञानिक उपलब्धि है, बल्कि वैश्विक प्रौद्योगिकी महाशक्ति के रूप में भारत के बढ़ते कद का प्रमाण है। शुभांशु शुक्ला भोजन और अंतरिक्ष पोषण से संबंधित उन्नत प्रयोग करेंगे।

नशा विरोधी अभियान

मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति खिलाफ व्यापक स्तर पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। सचिवालय में राष्ट्रीय नार्को समन्वय पोर्टल की बैठक में उन्होंने नशे की रोकथाम में जिलाधिकारियों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों की भूमिका को रेखांकित करते हुए महत्वपूर्ण भूमिका निभाने और सख्ती से प्रवर्तन करने को कहा।

मुख्य सचिव ने एसटीएफ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को नोडल अधिकारी नामित करते हुए पूरे राज्य में एक साथ नशे के खिलाफ अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को भी इसमें शामिल करते हुए ड्रग इंस्पेक्टर की भूमिका को सुनिश्चित करने को कहा। सभी अधिकारियों से नशीले पदार्थों की मांग और आपूर्ति की श्रृंखला को तोड़ने में पूरी जिम्मेदारी निभाने को कहा गया है।

मुख्य सचिव ने हर जिले में मानसिक स्वास्थ्य प्राधिकरण और जिला समन्वय समिति की मासिक बैठकें सुनिश्चित करने, नशामुक्ति केंद्रों की क्षमता बढ़ाने और बंद पड़े सरकारी भवनों को इस कार्य में उपयोग में लाने को कहा है।

उन्होंने सभी निजी नशामुक्ति केंद्रों का भौतिक निरीक्षण कर मानकों का पालन न करने वालों पर कार्रवाई करने भी कहा।

<u>आपातकाल के 50 वर्ष</u>

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हिमालयन सांस्कृतिक केंद्र देहरादून में आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर आयोजित लोकतंत्र सेनानी सम्मान कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर 10 लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित किया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आपातकाल भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय था, जब संसद, प्रेस और न्यायपालिका की स्वतंत्रता को कुचल दिया गया था। उन्होंने कहा कि उस समय लोकतंत्र की रक्षा में कई नेताओं और संगठनों ने निर्णायक भूमिका निभाई।

मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड के उन सपूतों को भी याद किया जिन्होंने लोकतंत्र की रक्षा में योगदान दिया। उन्होंने कहा कि बागेश्वर के चंद्र सिंह राठौर और पौड़ी के गोविंद राम ढींगरा जैसे अनेक उदाहरण आज भी प्रेरणा हैं।

मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि राज्य सरकार लोकतंत्र सेनानियों के कल्याण और सम्मान के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम युवाओं को लोकतंत्र का महत्व समझाने और उन्हें सजग नागरिक बनाने में सहायक होंगे।

<u>हाईकोर्ट सुनवाई</u>

उत्तराखंड उच्च न्यायालय में पंचायती राज चुनाव को लेकर आज भी सुनवाई जारी रहेगी। कल मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति जी० नरेन्द्र और न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खंडपीठ के समक्ष सुनवाई हुई। इस दौरान सरकार की ओर से न्यायालय में जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत और ग्राम प्रधानों की सभी सीटों का पूर्व का और नया विवरण प्रस्तुत किया गया। याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ताओं ने आरक्षण में अनियमितता संबंधी तर्क और दस्तावेज प्रस्तुत किए।

<u>स्वीकृति</u>

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य में विभिन्न विकास कार्यों के लिए वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। पौड़ी गढ़वाल जिले के यमकेश्वर क्षेत्र के ग्राम मौन, नीलकंठ में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र टाइप–ए की स्थापना के लिए मानकों में शिथिलीकरण को मंजूरी दी गई है। वहीं, देहरादून के रेसकोर्स स्थित राज्य अतिथि गृह ऑफिसर्स ट्रांजिट हॉस्टल में पूर्व स्वीकृत कार्यों के अतिरिक्त नवीनीकरण और सुदृढ़ीकरण कार्यों के लिए करीब दो करोड़ 95 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई है।

रुद्रप्रयाग जिले की बनियारी जवाहर नगर पेयजल योजना के अंतर्गत नलकूप निर्माण और संबंधित कार्यों के लिए तीन करोड़ रुपए से अधिक की मंजूरी दी गई है।

<u>प्रोजेक्ट एलीफेंट बैठक</u>

केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव की अध्यक्षता में देहरादून स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी में प्रोजेक्ट एलीफेंट की 21वीं संचालन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में हाथी संरक्षण से जुड़े राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी, वैज्ञानिक, विशेषज्ञ और संरक्षण संस्थानों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। एक रिपोर्ट–

बाइट– वॉयस कास्ट, सेकेण्ड

बैठक में मानव–हाथी संघर्ष को प्रमुख चुनौती मानते हुए इसके प्रभावी प्रबंधन में स्थानीय समुदायों को शामिल करने पर जोर दिया गया। केंद्रीय मंत्री ने वन्यजीव संरक्षण में जमीनी स्तर पर कार्यरत कर्मियों की कार्य स्थितियों में सुधार और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की आवश्यकता बताई। साथ ही रेलवे, विद्युत मंत्रालय और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण जैसे विभागों के साथ समन्वय कर जागरूकता और संरक्षण उपायों को प्रभावी बनाने की बात कही।

बैठक में बताया गया कि 3 हजार 452 किलोमीटर संवेदनशील रेलवे खंडों का सर्वेक्षण पूरा किया गया है, जिसमें 77 उच्च जोखिम वाले क्षेत्र चिन्हित हुए हैं। बंदी हाथियों की डीएनए प्रोफाइलिंग में अब तक 22 राज्यों से एक  हजार 911 प्रोफाइल तैयार की जा चुकी हैं। पूर्वोत्तर राज्यों में हाथियों की आबादी के आकलन का पहला चरण पूरा कर लिया गया है और नीलगिरि हाथी रिजर्व के लिए मॉडल संरक्षण योजना पर कार्य जारी है।

बैठक में हाथी–ट्रेन टकराव रोकने संबंधी रिपोर्ट, मानव–हाथी संघर्ष पर अध्ययन और बंदी हाथियों के लिए दांत की सुरक्षित ट्रिमिंग पर परामर्शी दस्तावेज जारी किए गए। साथ ही प्रोजेक्ट एलीफेंट के न्यूजलेटर 'ट्रम्पेट' का नवीनतम संस्करण भी जारी किया गया।

अपील

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों और तीर्थयात्रियों से पर्वतीय मार्गों पर यात्रा के दौरान विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। उन्होंने पर्वतीय क्षेत्रों में सार्वजनिक वाहनों की नियमित जांच के निर्देश देने के साथ ही खतरनाक मोड़ों और ढलानों पर चेतावनी संकेतकों, सुरक्षा रेलिंग और पैराफिट की व्यवस्था दुरुस्त करने को कहा है। इसके अलावा, मौसम पूर्वानुमान के अनुसार यात्रा मार्गों की निगरानी और दीर्घकालिक सुरक्षा उपायों की कार्य योजना तैयार करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं।

खंडन

राज्य निर्वाचन आयोग ने पंचायत और नगर निकाय चुनावों की मतदाता संख्या को लेकर कुछ समाचार माध्यमों में प्रकाशित भ्रामक सूचनाओं को खारिज किया है। सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग, राहुल कुमार गोयल ने स्पष्ट किया कि लोकसभा चुनाव के दौरान मतदाताओं की संख्या 84 लाख बताई गई थी, जबकि पंचायत और निकाय चुनावों में 78 लाख मतदाता बताए जाने की जानकारी गलत और भ्रमित करने वाली है।
उन्होंने बताया कि नगर निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के लिए मतदाता सूचियां अलग–अलग तैयार की जाती हैं। वर्तमान में नगर निकायों में लगभग 30 लाख और त्रिस्तरीय पंचायतों में हरिद्वार सहित करीब 56 लाख मतदाता पंजीकृत हैं। इस प्रकार कुल मतदाता संख्या लगभग 86 लाख है, जो लोकसभा और विधानसभा चुनावों की मतदाता संख्या के बराबर है।

आयुष्मान योजना धांधली

चंपावत जिले में आयुष्मान भारत योजना के तहत फर्जी कार्ड बनाए जाने की शिकायतों के आधार पर 603 कार्डों को तत्काल प्रभाव से ब्लॉक कर दिया गया है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. देवेश चौहान ने बताया कि जांच में स्पष्ट हुआ कि कई ऐसे व्यक्ति भी योजना का लाभ उठा रहे थे, जो पात्र नहीं थे। इन फर्जी कार्डों को राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण द्वारा निलंबित कर दिया गया है। फर्जीवाड़े में शामिल लोगों के खिलाफ नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि अब जिला पूर्ति अधिकारी से प्राप्त राशन कार्ड की सूची के आधार पर पात्र और अपात्र व्यक्तियों का सत्यापन किया जा रहा है।

अवैध कीड़ा जड़ी

चमोली जिला पुलिस ने गौचर चौकी बेरियर के पास चैकिंग के दौरान तीन सौ ग्राम अवैध कीड़ा जड़ी के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया। इसकी कीमत तीन लाख रुपए बताई जा रही है। वरिष्ठ उपनिरीक्षक संजय सिंह नेगी ने बताया कि कीड़ा जड़ी एक प्रतिबंधित श्रेणी की वन उपज है और इसका व्यापार करने के लिए वैध लाइसेंस अथवा प्राधिकार पत्र की आवश्यकता होती है।

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर...

भारत के शुभांशु शुक्ला समेत चार अन्य अंतरिक्ष यात्रियों के आईएसएस में प्रवेश की खबर को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से स्थान दिया है। राष्ट्रीय सहारा का शीर्षक है–तीन अन्य यात्रियों के साथ अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचे शुभांशु शुक्ला। इसी खबर पर हिन्दुस्तान ने लिखा– शुभांशु आईएसएस पहुंचे, बोले–यह भारत की यात्रा।

कालसी और बदरीनाथ धाम जा रहे तीर्थयात्रियों के वाहन हादसे पर हिन्दुस्तान का शीषर्क है– रूद्रप्रयाग और कालसी में हादसे, छह लोगों की मौत। बदरीनाथ जा रही बस नदी में गिरी, तीन यात्रियों की मौत, नौ लापता– अमर उजाला का शीर्षक है।

पंचायत चुनाव पर लगी रोक बरकरार, आज भी सुनवाई– दैनिक जागरण का शीर्षक। इस खबर पर उमर उजाला की हैडिंग है– पंचायत चुनाव पर आज भी सुनवाई।

बहुचर्चित एनएच घोटाले के समाचार पर अमर उजाला ने लिखा है–एनएच घोटाला कई अफसरों के घर ईडी ने मारा छापा। इसी खबर पर दैनिक जागरण ने लिखा– अफसरों ने अपात्रों को बांट दिया था करोड़ों का मुआवजा।